हरिभूमि
# जशपुर-रायगढ़ भूमि
बिलासपुर, गुरुवार, 21 मई 2026
[ पत्थलगांव | कुनकुरी | बगीचा | फरसाबहार | कांसाबेल | दुलदुला | मनोरा ]

4
कलेक्टर ने शहर के विभिन्न निर्माण स्थलों का लिया जायजा



## खबर संक्षेप

### कलिबा और भेलवां में सुशासन तिहार शिविर आज

**जशपुरनगर।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के निर्देशानुसार जिले में "सुशासन तिहार 2026" के तहत जनसमस्या निवारण शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में 21 मई को कुनकुरी जनपद के ग्राम कलिबा और फरसाबहार जनपद के भेलवां में शिविर लगाए जाएंगे। कलिबा शिविर में कलिबा, घटमुडा, कुरकुंगा, रजौटी, ढोढ़ीडांड, जोकबहला, गिनाबहार, बनकोम्बो, मटासी, गोरिया, चराईखारा, बेहराखार, पकरीकछार, हेठकापा, केराडीह और जामचुआं के ग्रामीण अपनी समस्याओं के आवेदन प्रस्तुत कर सकेंगे। इसी प्रकार भेलवा के शिविर में भेलवा, तुमला, जामटोली, अंबा कछार, डोंगा दरहा, डुमरिया, गंझियाडीह, जोरण्डाझरिया, कोल्हेनझरिया, कुल्हारबुडा, कुम्हार बहार, माटीपहाड छर्रा, महुवाडीह, सागजोर एवं हथीबेड के ग्रामीण अपनी मांग एवं समस्याओं से संबंधित आवेदन प्रस्तुत कर सकेंगे। सुशासन तिहार के अंतर्गत नागरिक लिखित रूप में अपने आवेदन शिविरों में देंगे, जिनका मौके पर निराकरण किया जाएगा। जिला प्रशासन ने सभी नागरिकों से अपील की है कि वे अपने क्षेत्र के संबंधित शिविर में उपस्थित होकर आवेदन प्रस्तुत करें, ताकि समस्याओं का शीघ्र और प्रभावी समाधान हो सके। कलेक्टर रोहित व्यास ने शिविरों के सुचारू संचालन के लिए नोडल एवं विभागीय अधिकारियों को अपने दायित्वों का निष्ठापूर्वक निर्वहन करने के निर्देश दिए हैं।

### सहकारी समिति में किसानों के लिए पर्याप्त उर्वरक उपलब्ध

**जशपुरनगर।** कृषि विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार जिले में उर्वरक की कमी नहीं है। अद्यतन स्थिति में सहकारी समितियों में यूरिया 3762.840 मे.टन.एन.पी.के. 973.550 मे.टन डीएपी 1954.950 मे.टन.सु.फा. 245.950 मे.टन, व म्यूरेट आफ पोटाश 525.300 मे.टन. कुल 7462.590 मे.टन. रासायनिक खाद उपलब्ध है। इसी तरह डबल लाक केन्द्रों में यूरिया 1671.39 मे.टन.एन.पी. के. 225.5 मे.टन. डीएपी 872.650 मे.टन. सु.फा. 24.750 मे.टन. व म्यूरेट आफ पोटाश 68.25 मे.टन कुल 2862.54 मे.टन. रासायनिक खाद संग्रहण केन्द्रों में उपलब्ध है।

### हर मंगलवार को बनेंगे दिव्यांगजन यूडीआईडी कार्ड

**जशपुरनगर।** कलेक्टर रोहित व्यास के निर्देशानुसार जिले में दिव्यांगजन प्रमाणीकरण तथा यूडीआईडी कार्ड व नवीनीकरण का कार्य अब प्रत्येक मंगलवार को जिला अस्पताल जशपुर में किया जाएगा। जिला अस्पताल के रूम नंबर 11 में सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक शिविर आयोजित होगा। ऐसे दिव्यांगजन जिनका यूडीआईडी कार्ड नहीं बना है, जिनके पास पुराना दिव्यांग प्रमाण पत्र है और नवीनीकरण कराना चाहते हैं वे इस शिविर के माध्यम से लाभ ले सकते हैं। जिले के सभी दिव्यांगजनों का प्रमाणीकरण तथा पूर्व में जारी प्रमाण पत्रों का नवीनीकरण किया जाएगा।

## एक घंटे के भीतर दो सनसनीखेज वारदातों से जिले में सनसनी

# दोस्त को मारा चाकू, राह चलते नाबालिग को उतारा मौत के घाट

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

जिला मुख्यालय में शनिवार दोपहर एक सिरफिरे युवक ने महज एक घंटे के भीतर दो सनसनीखेज वारदातों को अंजाम देकर इलाके में दहशत फैला दी।

■ आरोपी गिरफ्तार, वारदात में प्रयुक्त चाकू व बाइक जब्त

पहले उसने अपने दोस्त को शराब पीने के बहाने सुनसान इलाके में ले जाकर चाकू से हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। इसके बाद राह से गुजर रहे 15 वर्षीय नाबालिग को बेरहमी से जमीन पर पटककर हाथ, मुक्के और लात से इतना पीटा कि उसकी मौत हो गई। मामला ⏭ शेष पेज 4 पर



### शराब पीने के बहाने दोस्त को ले गया

पुलिस के मुताबिक 17 मई की दोपहर करीब 1:30 बजे आरोपी सचिन राम अपने परिचित सूरज रजक को यह कहकर बाइक में बैठाकर ले गया कि, चलो शराब पीकर आते हैं। दोनों ग्राम कोमडो पहुंचे। वहां मंदिर के पास अचानक आरोपी का व्यवहार बदल गया। उसने कहा, मेरा लड़ने का मन कर रहा है, चलो लड़ते हैं। इसके बाद आरोपी ने गाली-गलौज शुरू कर दी और अपने पास रखे चाकू से सूरज रजक की पीठ और माथे पर ताबड़तोड़ हमला कर दिया। अचानक हुए हमले से सूरज घबरा गया। उसने किसी तरह आरोपी से चाकू छीनने की कोशिश की।

### एक घंटे बाद नाबालिग को बनाया शिकार

पहली घटना के करीब एक घंटे बाद आरोपी ने दूसरी वारदात को अंजाम दिया। दोपहर करीब 2:30 बजे 15 वर्षीय कृष्णा भगत बाकी नाला स्थित धोबी घाट की ओर नहाने जा रहा था। इसी दौरान रास्ते में आरोपी सचिन राम ने उसे रोक लिया। बताया जा रहा है कि, दोनों के बीच कोई विवाद भी नहीं था, लेकिन आरोपी ने अचानक किशोर को जमीन पर पटक दिया और बेरहमी से हाथ, मुक्के और लात से मारपीट शुरू कर दी। हमले में किशोर के चेहरे, गले और कनपटी पर गंभीर चोटें आईं। आसपास के लोग जब तक कुछ समझ पाते, आरोपी मौके से भाग निकला। परिजन गंभीर हालत में कृष्णा भगत को अस्पताल लेकर पहुंचे, लेकिन डॉक्टरों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। किशोर की मौत की खबर फैलते ही गांव में मातम और आक्रोश का माहौल बन गया।

### आरोपी को पुलिस ने घेराबंदी कर पकड़ा

घटना की सूचना मिलते ही जशपुर पुलिस हरकत में आ गई। पुलिस टीम ने दोनों घटनास्थलों का निरीक्षण किया। मृतक किशोर के शव का पंचनामा और पोस्टमार्टम कराया गया, वहीं घायल सूरज रजक का मेडिकल परीक्षण कर उपचार शुरू कराया गया। घटना के बाद आरोपी लगातार फरार चल रहा था। पुलिस उसकी तलाश में जुटी हुई थी। इसी दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि आरोपी भागलपुर क्षेत्र में देखा गया है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने घेराबंदी कर आरोपी को हिरासत में ले लिया। पूछताछ में आरोपी ने दोनों वारदातों को स्वीकार कर लिया। पर्याप्त साक्ष्य मिलने के बाद पुलिस ने उसे विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया।

### मामले की विस्तृत जांच जारी

हत्या और चाकूबाजी के मामले में आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया है। मामले की विस्तृत जांच जारी।

-डॉ लाल उमेद सिंह, एसपी

## महिला सुरक्षा हेतु नए सिरे से रणनीति तैयार की जाएगी: प्रियंवदा

**जशपुरनगर।** महिलाओं को यौन हिंसा से सुरक्षित करते हुए उन्हें कानूनी संरक्षण उपलब्ध कराने के लिए श्रीनगर में तीन दिवसीय शक्ति संवाद का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में देश के सभी राज्यों की महिला आयोग के अध्यक्ष व सदस्य शामिल हुए। छत्तीसगढ़ से राज्य महिला आयोग की सदस्य प्रियंवदा सिंह जूदेव भी इस कार्यक्रम में शामिल हुईं। इस संवाद कार्यक्रम में केंद्रीय साइंस और टेक्नोलाजी मंत्री जितेंद्र सिंह मुख्य अतिथि के रूप में शामिल थे। कार्यक्रम में महिलाओं को रोजमर्रा के काम के दौरान आने वाली कठिनाइयों को बताते हुए, इससे निबटने और इसके कानूनी उपचार के बारे में विशेषज्ञों ने विस्तार से जानकारी दी। विशेषज्ञों ने कहा कि जब तक जिम्मेदार लोगों को महिला संरक्षण के लिए बनाएं गए कानूनों की जानकारी नहीं होगी, तब तक ये कानून प्रभावी नहीं हो सकती।

महिलाओं की सुरक्षा को लेकर नए सिरे से रणनीति तैयार की जाएगी प्रियंवदा सिंह जूदेव ने कहा कि, शक्ति संवाद कार्यक्रम में बहुत ही उपयोगी जानकारी मिली है। अब इस जानकारी के आधार पर जशपुर जिले में महिलाओं की सुरक्षा को लेकर नए सिरे से रणनीति तैयार की जाएगी। उन्होनें कहा, महिला सुरक्षा और महिलाओं को आर्थिक रूप से आत्म निर्भर बनाना केंद्र और राज्य सरकार की प्राथमिकता सूची में सबसे उपर है। उन्होनें कहा, जल्द ही जिले के एसएसपी डा लाल उम्मेद सिंह से मुलाकात कर, महिला सुरक्षा पर रणनीति बनाई जाएगी।




# मानवता शर्मशार, मुक्तिधाम में चोरों का आतंक

**कोतबा।** कोतबा नगर में एक ऐसी ही बेहद शर्मनाक और अमानवीय घटना सामने आई है, जिसने संवेदनशीलता और इंसानियत दोनों को कटघरे में खड़ा कर दिया है। नगर के वार्ड क्रमांक 2 में स्थित एकमात्र मुक्ति धाम से चोरों ने ऐसी-ऐसी चीजें चुरा ली हैं, जिसके बारे में सुनकर हर कोई हैरान है।

■ चिता सजाने वाले लोहे व खिड़की-दरवाजे तक गायब

मौके से ली गई तस्वीरों और प्राप्त जानकारी के अनुसार, अज्ञात चोरों ने इंसान के अंतिम सफर में काम आने वाली बुनियादी चीजों को भी नहीं बख्शा है और श्मशान घाट को खंडहर बनाने में कोई कसर नहीं छोड़ी है। शवों की चिता को व्यवस्थित रूप से सजाने और जलाने के लिए लगाए गए लोहे के भारी गैटर ही चोरों ने उखाड़ लिए हैं। इसके बिना मृतकों के परिजनों को चिता सजाने ⏭ शेष पेज 4 पर





### क्या कहती है पुलिस

इस अमानवीय कृत्य के पीछे किसका हाथ हो सकता है, इस विषय में चौकी प्रभारी ब्रजेश यादव ने बताया कि, नगर पंचायत की ओर से शिकायत प्राप्त हुई है, और मामले की सघनता से जांच की जा रही है। प्रथम दृष्ट्या यह किसी पेशेवर गिरोह के बजाय नशे की गिरफ्त में पड़े बदमाशों या नशेड़ियों की हरकत लग रही है, जो अपने नशे की लत पूरी करने के लिए कबाड़ में लोहा बेच देते हैं। पुलिस हर संभावित एंगल से मामले की छानबीन कर रही है। मुक्तिधाम जैसे पवित्र और संवेदनशील स्थान पर चोरी होना केवल एक आपराधिक घटना नहीं है, बल्कि यह हमारे समाज में गिरते नैतिक मूल्यों और नशे की बढ़ती प्रवृत्ति का एक डरावना सच है। नगरवासियों की प्रशासन से मांग है कि, पुलिस जल्द से जल्द इन अज्ञात चोरों को सलाखों के पीछे डाले और यहां सुरक्षा के इंतजाम किए जाएं, ताकि भविष्य में इस तरह की अमानवीय घटनाओं पर लगाम लग सके और दिवंगतों के इस अंतिम विश्राम स्थल की गरिमा बनी रहे।

# जशपुर विस लगातार विकास के नए आयाम गढ़ रहा: रायमुनि

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

जशपुर विधानसभा क्षेत्र में विकास की रफ्तार को नई उड़ान देते हुए विधायक रायमुनी भगत जी ने बुधवार 20 मई को सन्ना कॉलेज, भुरसा कोना रोड, पंडर टोली रोड एवं अकरी कोना रोड का भव्य भूमि पूजन कर क्षेत्रवासियों को बड़ी सौगात दी। वर्षों से बेहतर सड़क की मांग कर रहे ग्रामीणों में इस अवसर पर भारी उत्साह देखने को मिला।

■ विधायक रायमुनि ने किया चार सड़कों का भूमिपूजन

भूमि पूजन कार्यक्रम में विधायक रायमुनी भगत ने कहा कि, प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री विष्णु देव साय जी के नेतृत्व में जशपुर विधानसभा लगातार विकास के नए आयाम गढ़ रहा है। सड़क, शिक्षा, स्वास्थ्य और मूलभूत सुविधाओं को लेकर सरकार पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है।

इस अवसर पर रामप्रताप सिंह, कृष्ण कुमार राय, शम्भू नाथ चक्रवर्ती, मुकेश शर्मा, शंकर गुप्ता, शरद चौरसिया, मुकेश सोनी, आशू राय, सुरेन्द्र गुप्ता, बेणुधर यादव, मंगल राम भगत, नशरुला सिल्की, काजल राय, आनंद यादव, बलवंत गुप्ता, जितेन्द्र ताम्रकार, गुलाब यादव, इलीयास अंसारी, मनोज भगत, गुड्डु अंसारी, राजेश भगत, राजेन्द्र भगत, रुपावती कोरवा, सुमित्रा भगत, रामवृक्ष भगत, सविता गुप्ता, विशुनदेव यादव, अमृत बुनकर, प्रमिता भगत सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहे।



### लावा नदी पुलों का ठेका विवाद सुलझा, जल्द मिलेगी सुविधा



**जशपुरनगर।** विभागीय जानकारी के मुताबिक वर्ष 2020-21 में स्वीकृत राशि के तहत लावा नदी पर बनने वाले दो वृहद पुलों के निर्माण कार्य में प्रारंभिक देरी और न्यायालयीन विवाद के बाद अब कार्य में तेजी आई है। जरिया से कुजरी मार्ग तथा सोगड़ा से मनोरा मार्ग पर बनने वाले दोनों पुल क्षेत्र की आवागमन सुविधा को बेहतर बनाएंगे।

# सुशासन शिविर से ग्रामीणों को लगातार लाभ मिल रहा: गोमती

हरिभूमि न्यूज ⏭ पत्थलगांव

सुशासन तिहार के तहत घरजीया बथान में शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें कुल 935 आवेदन प्राप्त हुए। सुशासन शिविर में प्राप्त आवेदनों में से पेंशन के 72 आवेदन स्वीकृत किए गए।

वहीं 11 राशन कार्ड एवं आवास के 8 प्रमाण पत्र वितरण किए गए। साथ ही 5 श्रम कार्ड, 10 ड्रायविंग लाइसेंस, व 31 किसान क्रेडिट कार्ड बनाया गया एवं उद्यान विभाग की ओर से पौधों 34 वितरण किया गया। इसी तरह 19 बी-1 की नकल फौती नामान्तरण स्थल में ही बनाकर दिया गया एवं 3 ऋण पुस्तिका कै वितरण किया गया।



मुख्य अतिथि विधायक गोमती साय ने कहा, राज्य के महत्वकांक्षी योजनाओं को आम जन तक पहुंचाने राज्य के मुखिया विष्णुदेव साय ने सुशासन शिविर लगातार ग्रामीणों को ज्यादा लाभ एवं मौके पर ही ज्यादातर आवेदनों के निराकरण करने कहा है। उसी के अनुरूप गांव-गांव में सुशासन शिविर से ग्रामीणों को लगातार लाभ मिल रहा है। सुशासन शिविर में महिलाएं भी काफी संख्या में पहुंच रही हैं। शिविर में मोहित राम कोरवा को बैटरी चलित साइकिल प्रदान की गई। सुशासन शिविर में जनपद अध्यक्ष घनियारो परहा, जिला पंचायत सदस्य सुरचि पैकरा, जनपद सदस्य चौहान शहर, मंडल अध्यक्ष अंकित बसल, एसडीएम ऋतुराज बिसेन, तहसीदार भीष्म पटेल, जनपद सीईओ केके श्रीवास, फूड आफिसर अजय प्रधान, ग्राम विकास अधिकारी धनेश टेंगवार पीओ घनश्याम, सहित सभी विभाग के कर्मचारी एवं 18 ग्राम पंचायत के सरपंच उपसरपंच क्षेत्र के जनप्रतिनिधि एवं भारी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

## इमरजेंसी रिस्पांस का नया दौर शुरू, एक कॉल पर पहुंचेगी मदद

# अब गांवों में भी मिलेगी शहरों की तरह त्वरित पुलिस सहायता

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

अब जशपुर जिले में हादसा, अपराध, मेडिकल इमरजेंसी या महिलाओं-बच्चों से जुड़ी किसी भी आपात स्थिति में मदद के लिए अलग-अलग नंबर याद रखने की जरूरत नहीं होगी। सिर्फ एक कॉल और मदद सीधे मौके पर पहुंचेगी। छत्तीसगढ़ पुलिस की बहुप्रतीक्षित डायल-112 फेस 2 नेक्स्ट जेन सेवा का बुधवार को पुलिस लाइन जशपुर में भव्य शुभारंभ हुआ।

कार्यक्रम में जिले को मिले 11 अत्याधुनिक इमरजेंसी रिस्पांस व्हीकल और 2 हाइवे पेट्रोल वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। इस नई व्यवस्था के साथ जशपुर जिले में पुलिसिंग व आपातकालीन सेवाओं की तस्वीर बदलने की उम्मीद जताई जा रही है।



**एक नंबर हर संकट में मदद:** डायल-112 फेस-2 नेक्स्ट जेन सेवा "एक्के नंबर सब्बो बर" की अवधारणा पर आधारित है। यानि पुलिस सहायता, मेडिकल इमरजेंसी, महिला एवं चाइल्ड हेल्पलाइन, आपदा सहायता और हाईवे इमरजेंसी जैसी सभी सेवाएं अब एक ही नंबर से जुड़ गई हैं। पुलिस अधिकारियों के मुताबिक अब किसी भी नागरिक को संकट की स्थिति में केवल 112 डायल करना होगा। इसके बाद कंट्रोल सेंटर से निकटतम इमरजेंसी वाहन को तत्काल रवाना किया जाएगा। जिले को मिले नए ईआरवी और हाईवे पेट्रोल वाहन आधुनिक तकनीक से पूरी तरह सुसज्जित हैं। इनमें जीपीएस ट्रैकिंग सिस्टम, रियल टाइम मॉनिटरिंग, मोबाइल डेटा टर्मिनल, वायरलेस कम्युनिकेशन सिस्टम, डैश कैम और अन्य सुरक्षा उपकरण लगाए गए हैं।

### ग्रामीण इलाकों को मिलेगा सबसे बड़ा फायदा

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक गोमती साय ने कहा कि, जशपुर जैसे आदिवासी और दूरस्थ क्षेत्रों वाले जिले में यह सेवा लोगों के लिए बेहद राहतभरी साबित होगी। उन्होंने कहा कि, अब गांवों में रहने वाले लोगों को भी शहरों की तरह त्वरित पुलिस सहायता मिल सकेगी। विधायक रायमुनी भगत ने कहा कि, यह योजना महिलाओं और बच्चों की सुरक्षा को मजबूत करेगी और पुलिस व जनता के बीच विश्वास बढ़ाएगी। उन्होंने लोगों से अपील की कि डायल-112 सेवा का जिम्मेदारीपूर्वक उपयोग करें। कलेक्टर रोहित व्यास ने कहा कि, यह केवल पुलिस सेवा नहीं बल्कि सुशासन और जनसुरक्षा की दिशा में बड़ा कदम है। उन्होंने कहा, जशपुर जैसे भौगोलिक रूप से विस्तृत जिले में यह व्यवस्था कई बार लोगों के लिए जीवनरक्षक साबित हो सकती है। डीआईजी एवं एसएसपी डॉ लाल उमेद सिंह ने कहा कि डायल-112 केवल हेल्पलाइन नहीं बल्कि जनता की सुरक्षा और विश्वास से जुड़ी व्यवस्था है। जिला पुलिस का उद्देश्य हर नागरिक तक समयबद्ध, संवेदनशील और प्रभावी सहायता पहुंचाना है। उन्होंने बताया कि राज्य और जिला स्तर पर बनाए गए आधुनिक कमांड एवं कंट्रोल सेंटर 24 घंटे सातों दिन सक्रिय रहेंगे।



## खबर संक्षेप

### जिला परिवहन अधिकारी का रोस्टर निर्धारित सप्ताह में दो दिन बैठेंगे कार्यालय में

**सूरजपुर।** जिला परिवहन कार्यालय के रूटीन कार्यों के संपादन एवं आवश्यक फाइलों के निपटान हेतु जिला परिवहन अधिकारी का रोस्टर निर्धारित कर दिया गया है। निर्धारित रोस्टर के अनुसार सप्ताह में दो दिवस बुधवार एवं शुक्रवार को जिला परिवहन कार्यालय में जिला परिवहन अधिकारी की उपस्थिति सुनिश्चित रहेगी। जिला परिवहन अधिकारी सूरजपुर अमित प्रकाश कश्यप द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार कार्यालय परिवहन आयुक्त के आदेश के तहत उन्हें अपने वर्तमान दायित्वों जिला परिवहन कार्यालय कोरिया के साथ-साथ जिला परिवहन कार्यालय का चालू प्रभार सौंपा गया है। जिला परिवहन अधिकारी श्री कश्यप ने बताया कि कार्यालयीन कार्य एवं अन्य आवश्यक प्रयोजन हेतु आवेदक उक्त निर्धारित कार्य दिवसों में कार्यालयीन समय में जिला परिवहन अधिकारी से प्रत्यक्ष संपर्क स्थापित कर सकते हैं।

### टारगेट पूरा अब खरीदी बंद, डीईओ के बयान से भड़के ग्रामीण



**ओड़गी।** ग्राम पंचायत चपदा में तेंदूपत्ता खरीदी को लेकर अब विवाद और गहराता जा रहा है। एक तरफ कड़ी धूप में जंगलों में दिनभर मेहनत करने वाले ग्रामीण हैं,तो दूसरी तरफ विभागीय नियमों का हवाला देकर खरीदी बंद करने की बात कही जा रही है। ग्रामीणों के अनुसार तेंदूपत्ता उनके लिए सिर्फ पत्ता नहीं बल्कि सालभर की आर्थिक उम्मीद है। इसी कमाई से धान बोनी के समय बीज, खाद और घर खर्च का इंतजाम होता है। लेकिन इस बार विभागीय रवैये ने गरीब परिवारों की कमर तोड़ दी है। मामले में डीईओ द्वारा यह कहे जाने की बात सामने आई है कि टारगेट से अधिक खरीदी हो चुकी है,इसलिए अब इससे ज्यादा पत्ता नहीं लिया जा सकता और खरीदी बंद कर दी गई है। इस बयान से ग्रामीण भड़क गए। ग्रामीणों ने कहा कि जब जंगल में तेंदूपत्ता भरपूर है और मजदूर मेहनत कर रहे हैं,तो फिर अचानक खरीदी बंद कर देना आखिर किस नियम का हिस्सा है। ग्रामीणों का कहना है क्या टारगेट कागज में पूरा हो गया तो गरीबों का पेट भी भर जाएगा। गांव वालों ने आरोप लगाया कि हर साल की तरह इस बार भी मजदूरों से मेहनत तो करवाई गई,लेकिन जब खरीदी की बारी आई तो टारगेट पूरा का बहाना बनाकर हाथ खड़े कर दिए गए। नाराज ग्रामीणों ने वनमंडलाधिकारी को शिकायत सौंपकर पूरे मामले की निष्पक्ष जांच और बंद खरीदी को फिर से शुरू करने की मांग की है।

### लकवा बीमारी से पीड़ित अधेर ने पी लिया जहर, मौत

**अम्बिकापुर।** लगवा और बीपी सुगर बीमार से जूझ रहे ग्रामीण ने घर में रखे कीटनाशक को पी लिया। परिजन ग्रामीण को गंभीर हालत में मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया जहां उपचार के दौरान ग्रामीण की मौत हो गई। सूरजपुर थाना अंतर्गत ग्राम देवनगर निवासी रूप साय आ. स्व. सुन्दर राम (54 वर्ष) पिछले पांच साल से लकवा और बीपी शुगर बीमारी से पीड़ित था। परिजन ग्रामीण का उपचार करा रहे थे लेकिन बीमारी ठीक नहीं हुआ। बीमारी से परेशान होकर 15 मई का ग्रामीण ने घर में रखे कीटनाशक को पी लिया जिससे उसकी तबीयत बिगड़ने पर परिजन उसे सूरजपुर अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने ग्रामीण की हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार के पश्चात मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया जहां उपचार के दौरान ग्रामीण की मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है।

### डीजल-पेट्रोल मूल्य वृद्धि व महंगाई के खिलाफ कांग्रेस ने किया प्रदर्शन



**रामानुजगंज।** छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आह्वान एवं जिला कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर मंगलवार को ब्लॉक कांग्रेस कमेटी द्वारा जय स्तंभ चौक में चरणबद्ध धरना प्रदर्शन आयोजित किया गया। धरने के माध्यम से डीजल-पेट्रोल की बढ़ती कीमतों, नियमित आपूर्ति की समस्या तथा खाद्य पदार्थों सहित दैनिक उपयोग की वस्तुओं के लगातार बढ़ते दामों के खिलाफ आवाज उठाई गई।कार्यकर्ताओं ने शासन का ध्यान आकर्षित करते हुए मांग की कि डीजल-पेट्रोल की कीमतों में कमी कर आम जनता को राहत प्रदान की जाए तथा नियमित आपूर्ति सुनिश्चित की जाए। साथ ही रिफाइंड तेल, सरसों तेल एवं किराना सामानों की लगातार बढ़ती कीमतों पर अंकुश लगाने की मांग भी की गई। धरना प्रदर्शन में वक्ताओं ने कहा कि बढ़ती महंगाई से आम जनता का जीवन प्रभावित हो रहा है। वहीं प्रधानमंत्री द्वारा सोने की खरीद एक वर्ष तक बंद रखने के आह्वान से सराफा व्यवसाय पूरी तरह प्रभावित हो गया है। इससे सोने-चांदी के व्यापारी, कारीगर एवं कर्मचारियों के समक्ष रोजी-रोटी का संकट उत्पन्न हो गया है। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने इस निर्णय का विरोध करते हुए सराफा व्यवसाय से जुड़े लोगों को राहत देने की मांग की। इस दौरान अजय गुप्ता, अरुण अग्रवाल, अशोक जायसवाल, अजय सोनी, व्यासमुनि यादव, मधु गुप्ता, प्रमोद गोस्वामी, सनोज दास, ओमप्रकाश यादव, नरेंद्र सिंह खेरवार, नीरज गुप्ता, प्रेमसागर सिंह, ज्ञानती गुप्ता आदि शामिल रहे।

---

खैराडीह से धसनी कोरवापारा तक बनानी है सड़क

# पीएम जनमन योजना की सड़क कागजों तक सीमित, दो साल बाद भी नहीं हुआ काम शुरू

हरिभूमि न्यूज ⏭ शंकरगढ़

ग्राम खैराडीह और ग्राम धसनी कोरवापारा के लोगों को कच्ची सड़क से मुक्ति नहीं मिल रही है।

**खास बात**

- सड़क निर्माण शुरू नहीं होने से ग्रामीणों में आक्रोश

हैरानी की बात तो यह है कि कच्ची सड़क को पक्की सड़क बनाने के लिए लगभग दो साल पूर्व ही स्वीकृति मिली लेकिन आज तक सड़क निर्माण का काम शुरू नहीं हो सका। ऐसे में विभाग की उदासीन रवैया का खामियाजा क्षेत्र के ग्रामीणों को भुगतना पड़ रहा है। आलय है कि क्षेत्र के लोग गर्मी में धूल तो बारिश के दिनों में कीचड़ युक्त सड़क से आवागमन करने को मजबूर है। क्षेत्र के ग्रामीणों ने सड़क निर्माण जल्द शुरू किए जाने की मांग की है।

शंकरगढ़ जनपद पंचायत क्षेत्र के ग्राम खैराडीह से धसनी कोरवापारा तक प्रस्तावित सड़क निर्माण कार्य आज भी केवल कागजों और सूचना बोर्ड तक सीमित नजर आ रहा है। प्रधानमंत्री जनमन योजना अंतर्गत करीब 1 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाली इस सड़क का कार्य निर्धारित समय बीत जाने के बाद भी शुरू नहीं हो पाया है, जिससे ग्रामीणों में भारी नाराजगी देखी जा रही है। मौके पर लगाए गए सूचना बोर्ड के अनुसार सड़क निर्माण कार्य का प्रारंभ दिनांक 4 मार्च 2024 दर्शाया गया है, जबकि कार्य पूर्णता की तिथि 3 मार्च 2025 अंकित की गई है। सड़क की कुल लंबाई 1.70 किलोमीटर बताई गई है। लेकिन वास्तविक स्थिति यह है कि निर्माण स्थल पर न तो किसी प्रकार की मशीनरी दिखाई दे रही है और न ही सड़क निर्माण से संबंधित कोई सामग्री गिराई गई है। ऐसे में सड़क की हालत पूर्व की भांति है। ग्रामीणों का कहना है कि करीब दो वर्ष पहले जानकारी दी गई थी कि गांव तक डामर सड़क का निर्माण किया जाएगा। इस घोषणा के बाद ग्रामीणों में खुशी थी कि वर्षों पुरानी कच्ची सड़क की समस्या दूर होगी। विशेष पिछड़ी जनजाति कोरवा समुदाय को मुख्य सड़क से बेहतर संपर्क मिल सकेगा। लेकिन समय बीतने के साथ ग्रामीणों की आस उस समय निराशा में बदल गई जब दो साल बाद भी सड़क का काम शुरू नहीं हो सका। ऐसे में आज भी क्षेत्र के लोग वर्षों पुरानी कच्ची सड़क से आवागमन करने को मजबूर है।



गांव का कच्ची सड़क।





लगाए गए सूचना पटल।

**बरसात में होती है परेशानी**

ग्रामीणों ने बताया कि बरसात के दिनों में धसनी कोरवापारा तक पहुंचना बेहद कठिन हो जाता है। बारिश होने पर कच्चा रास्ता कीचड़ में तब्दील हो जाता है, जिससे बाइक और पैदल चलना भी मुश्किल हो जाता है। कई बार मरीजों, गर्भवती महिलाओं और स्कूली बच्चों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। इसके बावजूद जिम्मेदार विभाग और ठेकेदार इस ओर ध्यान नहीं दे रहे हैं जिसका खामियाजा क्षेत्र के लोगों को भुगतना पड़ रहा है।

**ग्रामीणों की जांच की मांग**

ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि सरकार आदिवासी एवं कोरवा समुदाय के विकास के लिए लगातार योजनाएं संचालित कर रही है, लेकिन जमीनी स्तर पर अधिकारी और ठेकेदार इन योजनाओं को गंभीरता से नहीं ले रहे हैं। लोगों का कहना है कि विकास कार्यों की राशि स्वीकृत होने के बावजूद काम शुरू नहीं होना कई सवाल खड़े करता है। ग्रामीणों ने मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों पर कार्रवाई की मांग की है।

**आंदोलन की चेतावनी**

स्थानीय लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि सड़क निर्माण कार्य जल्द से जल्द प्रारंभ कराया जाए ताकि गांव के लोगों को मूलभूत सुविधा मिल सके और बरसात के मौसम में आवागमन के लिए बेहतर सुविधा उपलब्ध हो सके। ग्रामीणों का कहना है कि यदि शीघ्र कार्य शुरू नहीं हुआ तो वे जनप्रतिनिधियों एवं प्रशासन के खिलाफ आंदोलन करने को मजबूर होंगे।

**नहीं हुआ है काम शुरू**

ग्राम खैराडीह से धसनी कोरवापारा तक प्रस्तावित सड़क निर्माण का काम शुरू नहीं हुआ है। कल से सड़क निर्माण का मटेरियल गिराया जाएगा और जल्द ही सड़क निर्माण कार्य शुरू किए जाएंगे।

-जीएस सिदार
इंजीनियर पीएम जनमन योजना

---



# चौपाटी में स्थायी कब्जे पर प्रशासन की बड़ी कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ रामानुजगंज

नगर स्थित चौपाटी में वर्षों से स्थायी रूप से ठेला लगाकर कब्जा जमाए व्यवसायियों पर रविवार को प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई की। राजस्व विभाग, पुलिस और नगरपालिका की संयुक्त टीम ने चौपाटी पहुंचकर स्थायी रूप से रखे गए ठेलों को हटवाया। कार्रवाई के दौरान चौपाटी क्षेत्र में अफरा-तफरी का माहौल निर्मित हो गया।

- एक दर्जन ठेले जब्त कर भेजे गए थाने

जानकारी के अनुसार नगर पालिका द्वारा करीब एक दशक पहले छोटे व्यवसायियों के रोजगार के लिए चौपाटी का निर्माण कराया गया था। यहां ठेला लगाकर व्यवसाय करने की अनुमति दी गई थी, लेकिन समय के साथ कई व्यवसायियों ने इसे स्थायी जगह मान लिया और अपने ठेले वहीं स्थायी रूप से खड़े कर दिए। ऐसे में चौपाटी के भीतर जगह कम पड़ने लगी और कई दुकानदारों ने बाहर सड़क किनारे ठेला लगाना शुरू कर दिया। चौपाटी के बाहर अंबिकापुर रोड पर ठेले लगने से लगातार जाम की स्थिति बन रही थी। साथ ही सड़क दुर्घटनाओं की आशंका भी बढ़ गई थी। नगरपालिका प्रशासन ने पहले ही ठेला संचालकों को शाम के बाद अपने ठेले घर ले जाने के निर्देश दिए थे,बावजूद इसके कई लोग रातभर ठेले चौपाटी परिसर में ही छोड़ रहे थे। लगातार मिल रही शिकायतों और यातायात बाधित होने की समस्या को देखते हुए रविवार को प्रशासन ने संयुक्त कार्रवाई की। इस दौरान लगभग एक दर्जन ठेलों को जब्त कर रामानुजगंज थाने में जमा कराया गया। कार्रवाई के बाद चौपाटी में हड़कंप की स्थिति बन गई। बताया जा रहा है कि रविवार को रामानुजगंज में बाजार जैसा माहौल रहता है और बड़ी संख्या में लोग खरीदारी के लिए पहुंचते हैं। ऐसे में ठेले जब्त होने से छोटे व्यवसायियों को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ सकता है।

इस संबंध में नगर पालिका परिषद के सीएमओ सुधीर कुमार ने बताया कि कई महीनों से कुछ लोग चौपाटी में स्थायी कब्जा कर ठेला छोड़ रहे थे। इसके कारण अन्य व्यवसायियों को बाहर सड़क किनारे दुकान लगानी पड़ रही थी, जिससे जाम की स्थिति बनती थी और दुर्घटना की आशंका बनी रहती थी। इन्हीं समस्याओं को देखते हुए कार्रवाई की गई है।

---

# कांग्रेस ने सराफा व्यवसायियों से मुलाकात कर बताई सरकार की विफलता



हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

पेट्रोलियम पदार्थों की कीमत में वृद्धि और बढ़ती महंगाई को लेकर प्रदेश कांग्रेस के 4 दिवसीय धरना प्रदर्शन के तहत सोमवार को जिला कांग्रेस कमेटी सरगुजा द्वारा किराना और सराफा व्यवसायी की साथ ही उनके उपभोक्ताओं से संवाद कर उन्हें मोदी सरकार की आर्थिक नीतियों की विफलता से अवगत कराया। कांग्रेस जिलाध्यक्ष के खराब स्वास्थ्य उपरांत निगम में नेता प्रतिपक्ष शफ़ी अहमद के मार्गदर्शन में दोनों संपर्क अभियान शहर के अलग अलग हिस्सों में चला।

किसान कांग्रेस के शहर अध्यक्ष दुर्गेश गुप्ता के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने शहर के प्रमुख किराना दुकानों के साथ ही मिठाई दुकानों में भी संपर्क किया। इस दौरान व्यवसायियों ने बताया कि एक लंबे समय से उपभोक्ता अपनी खरीद में कटौती कर रहे हैं। उपभोक्ता अपनी आधारभूत जरूरतों को पूरा करने वाली खरीद तक खुद को सीमित किये हुए हैं। इसके कारण व्यवसाय में नुकसान बढ़ गया है। दुकानदारों का यह भी कहना था कि सरकार की नीतियां छोटे व्यवसायियों के हित में नहीं है। दुकानों पर मौजूद उपभोक्ताओं ने कहा कि आम आदमी अपनी घटती आमदनी से परेशान है। रोजमर्रा के चीजों की बढ़ती कीमतों के औसत में आय बढ़ने के बजाय आय कम होती जा रही है जिससे जीवन स्तर गिर रहा है। महिला कांग्रेस के एक दल ने शहर के सदर रोड स्थित कई सराफा दुकानों में सम्पर्क किया। सराफा व्यापारियों ने सोने के उपयोग पर प्रधानमंत्री की अपील और उसके बाद सोने पर टैक्स में वृद्धि को सराफा व्यापार के लिए बेहद नुकसानदेह कदम बताया। निगम में नेता प्रतिपक्ष शफ़ी अहमद ने कहा कि मोदी सरकार की आर्थिक नीतियों के कारण व्यवसायियों और आम नागरिकों की कमर टूट गई है। एक ओर मोदीजी देश के नागरिकों से राष्ट्रवाद के नाम पर बलिदान मांग रहे हैं वहीं दूसरी ओर उनका और उनकी पूरी पार्टी का रवैया चुनावों को जीतने के मद्देनजर ठीक उल्टा है। उन्होंने कहा कि संकट के घड़ी में पूरा देश सरकार के साथ है बशर्ते सरकार भी वास्तविक रूप से वही आचरण करे जिसकी उम्मीद वो जनता से करती है। इस दौरान मो इस्लाम, संजय विश्वकर्मा, इंद्रजीत सिंह धंजल, विनय शर्मा, श्रीमती सीमा सोनी, श्रीमती अनिमा केरकेट्टा, रामविनय सिंह, मदन जायसवाल, आलोक सिंह, जीवन यादव, चंद्रप्रकाश सिंह, रजनीश सिंह, सतीश बारी, निक्की खान, शुभम जायसवाल, दिनेश शर्मा, तृप्तराज धंजल, दिलीप धर सहित अन्य मौजूद थे।

# खबर प्रकाशन के बाद जागा क्रेडा विभाग, एक महीने बाद भी नहीं बनी सौर जलप्रदाय मोटर

**प्रतापपुर।** ग्राम पंचायत केवरा के परसापारा में पेयजल संकट को लेकर प्रकाशित खबर के बाद आखिरकार क्रेडा विभाग हरकत में आया, लेकिन विभाग की कार्यशैली ने एक बार फिर कई सवाल खड़े कर दिए हैं।

- घंटों मशक्कत के बाद भी नहीं चला पंप, ग्रामीणों में भारी नाराजगी



ग्रामीणों के अनुसार लगभग दो महीने पहले खराब हुए सौर जलप्रदाय मोटर को मरम्मत के नाम पर विभाग अपने साथ ले गया था। लगातार पेयजल संकट से जूझ रहे ग्रामीणों को उम्मीद थी कि विभाग नया या पूरी तरह मरम्मत किया गया मोटर लगाएगा, जिससे गांव में पानी की समस्या दूर हो सकेगी। लेकिन सोमवार को विभागीय कर्मचारी जब मौके पर पहुंचे तो उनके पास वही पुराना खराब मोटर था। कर्मचारियों ने घंटों तक मोटर को चालू करने का प्रयास किया, लेकिन मोटर चालू नहीं हो सका। आखिरकार विभागीय कर्मचारी मोटर को वापस सूरजपुर लेकर लौट गए। इस पूरे घटनाक्रम को देखकर ग्रामीणों में भारी नाराजगी देखने को मिली। ग्रामीणों का कहना है कि एक महीने तक मोटर विभाग के पास रहा, इसके बावजूद उसे ठीक नहीं किया जा सका। आखिर विभाग ने इतने लंबे समय तक मोटर को अपने पास रखने के बाद भी उसकी मरम्मत क्यों नहीं करवाई। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि क्रेडा विभाग की लापरवाही के कारण गांव में पेयजल संकट लगातार गहराता जा रहा है। लोगों को मजबूरी में दूर-दराज से पानी लाना पड़ रहा है, वहीं कुछ परिवार तालाब और अन्य असुरक्षित जल स्त्रोतों का सहारा लेने को मजबूर हैं। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि तत्काल नया मोटर लगाकर पेयजल व्यवस्था बहाल की जाए तथा लापरवाही बरतने वाले जिम्मेदार अधिकारियों पर कार्रवाई की जाए। ग्रामीणों का कहना है कि खबर प्रकाशन होने के बाद ग्राम पंचायत ने एक टैंकर पानी लाकर सैकड़ो ग्रामीणों के बीच खड़ा कर दिया उसके बावजूद भी अब तक पानी का किसी प्रकार का सुविधा उपलब्ध नहीं कराया जा सका जिससे गांव में पेयजल की समस्या बनी हुई है।

# शिवपुर पंचायत में सचिव को अब तक नहीं मिला वित्तीय प्रभार

**रामानुजनगर।** जनपद पंचायत रामानुजनगर अंतर्गत ग्राम पंचायत शिवपुर में पदस्थ पंचायत सचिव को अब तक वित्तीय प्रभार नहीं दिया गया है। ऐसे में न सिर्फ पंचायत के प्रशासनिक कार्य प्रभावित हो रहे है बल्कि ग्राम पंचायत के लोगों को कई तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। बताया जा रहा है कि दिसंबर 2024 में सचिव की पदस्थापना किए जाने के बावजूद आज तक उन्हें पंचायत का वित्तीय प्रभार नहीं सौंपा गया है।

जानकारी के अनुसार तत्कालीन पंचायत सचिव एवं जनपद स्तर के अधिकारियों की वजह से नए सचिव को कार्यभार मिलने में लगातार देरी हो रही है। इस मुद्दे को लेकर स्थानीय लोगों और पंचायत प्रतिनिधियों में भी नाराजगी है। क्षेत्र के लोगों का कहना है कि पंचायत स्तर के विकास कार्यों और वित्तीय प्रक्रियाओं में बाधा उत्पन्न हो रही है। लोगों का कहना है कि सचिव की विधिवत पदस्थापना दिसंबर 2024 में हो चुकी थी, तो आखिर अब तक वित्तीय प्रभार क्यों नहीं सौंपा गया। इस संबंध में जनपद पंचायत रामानुजनगर के मुख्य कार्यपालन अधिकारी संजय राय ने बताया कि सचिव अनुभवहीन है इसी कारण वित्तीय प्रभार नहीं दिया गया है।

# ऑटो पलटने से दबा चालक, अस्पताल में तोड़ा दम

**अम्बिकापुर।** ग्राम तुरना अंधा मोड़ के समीप सवारी से भरा ऑटो अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पलट गई। दुर्घटना में गंभीर हुए चालक की मेडिकल कॉलेज अस्पताल में मौत हो गई जबकि घायल यात्रियों का स्थानीय अस्पताल में प्राथमिक उपचार के पश्चात छुट्टी दे दी गई है। दरिमा थाना ग्राम तुरना निवासी रविशंकर आ. धरम साय (23 वर्ष) सोमवार को अपने ऑटो से कुछ सवारियों को लेकर साप्ताहिक बाजार बेलखरिखा जाने के लिए निकला था। चालक जैसे ही ग्राम तुरना अंधा मोड़ के समीप पहुंचा तभी सामने से आ रहे शराब को बचाने के चक्कर में वाहन से नियंत्रण खो बैठा जिससे वाहन अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पलट गई। दुर्घटना में वहन के नीचे दबने से चालक गंभीर रूप से घायल हो गया जबकि यात्रियों को मामूली चोटे आई। चालक सहित घायलों को स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां चिकित्सकों ने चालक की हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार के पश्चात मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया जबकि घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी। इधर मेडिकल कॉलेज अस्पताल में बीती रात चालक की उपचार के दौरान मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम कर शव का पोस्टमार्टम करा परिजन के सुपुर्द किया है।

---

निकाला जाएगा संदल चादर के साथ जुलुस, होगा कव्वाली का मुकाबला

# सद्भावना मुशायरा और कवि सम्मेलन के साथ होगा उर्स का आगाज

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

सद्भावना ग्राम तकिया में हजरत बाबा मुरादशाह व हजरत बाबा मोहब्बत शाह का 254 वां सालाना उर्स आज से शुरू हो रहा है। तीन दिवसीय उर्स की शुरुआत संदल चादर के साथ की जाएगी। इसके साथ ही उर्स में सद्भावना मुशायरा और कवि सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। उर्स के आयोजन को लेकर अंजुमन कमेटी के सदर इरफान सिद्दीकी ने पत्रकार वार्ता में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि उर्स शरीफ धार्मिक व सांस्कृतिक मेल-मिलाप का संगम है। गैस और पेट्रोमेक्स की रोशनी में शुरू हुआ यह आयोजन अब भव्य रूप ले चुका है जिसमें शामिल होने के लिए दूर-दराज के क्षेत्रों व दिगर राज्यों से लोग पहुंचते हैं और बाबा के दरबार में अपनी श्रद्धा अर्पण करके मुराद पूरी होने की कामना करते हैं।

सदर इरफान सिद्दीकी ने आगे बताया कि 20, 21 व 22 मई को होने वाले उर्स शरीफ के कार्यक्रम को देखते हुए अंजुमन कमेटी की ओर से भव्य तैयारियां की गई हैं। कमेटी द्वारा तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। उर्स शरीफ में इस बार विश्व में ख्यातिप्राप्त अजीज नाजा और कव्वाला तमन्ना बानो के बीच शानदार कव्वाली का मुकाबला होगा। इनके अलावा 15 शायर व कवि-कवियित्री प्रो. वसीम बरेलवी, मंजर भोपाली, राज कौशिक, नईम अखतर खादमी, अज्म शाकिरी, डॉ. नदीम शाद, फैज



जानकारी देते कमेटी के अध्यक्ष।

खलीलाबादी, अतुल अजनबी, मारूफ रायबरेली, डॉ. मेहताब आलम, खुशबू श्रीवास्तव, सुन्दर मालेगांवी, राधिका मित्तल, दीपक अग्रवाल, सुफियान काजी आयोजन में शामिल होंगे। उन्होंने बताया कि तकिया मजार शरीफ की खासियत यह है कि यहां एक देवी मंदिर है, जिसका देखरेख अंजुमन कमेटी और पीढ़ी दर पीढ़ी कोरवा समाज के बैगा के द्वारा संयुक्त रूप से किया जाता है। उन्होंने बताया कि 1994 से 1997 के बीच प्रवीण कृष्ण जब सरगुजा कलेक्टर के रूप में पदस्थ थे, तो वे उर्स के मौके पर दूर-दूर से आए दूसरे कौम के लोगों से मुलाकात की, और तकिया को सद्भावना ग्राम का दर्जा मिला था। सलाउद्दीन सिद्दीकी ने कहा कि, उर्स शरीफ के आयोजन में हिंदू व उर्दू साहित्य का अनूठा संगम देखने को मिलता है। इस दौरान अंजुमन कमेटी के अफजाल अंसारी, लतीफ खान, रिजवान, जावेद खान, बंटी सिद्दीकी, अनीफ खान, सिकंदर खान सहित अन्य उपस्थित थे।



# 19 साल बाद पुराने डायरेक्टर संग कमबैक करेंगे अजय

**नई दिल्ली।** 19 साल बाद अजय देवगन इंडस्ट्री के दिग्गज फिल्ममेकर अभिनव सिन्हा संग वापसी करने जा रहा है। जिनके साथ साल 2007 में प्रदर्शित फिल्म कैश में अजय देवगन, सुनील शेट्टी, एशा देओल, रितेश देशमुख और जायद खान मुख्य भूमिकाओं में थे। फिल्म का निर्देशन अनुभव सिन्हा ने किया था। अब खबरें हैं कि अजय और अनुभव करीब 19 साल बाद एक बार फिर साथ काम करने जा रहे हैं। अनुभव के निर्देशन में अजय एक्शन फिल्म करने जा रहे हैं। फिल्म कैश के बाद अजय और अनुभव दोनों ने अलग-अलग जानरों की फिल्में कीं, जिनमें से कई फिल्में हिट भी रहीं।

## लाइफ Style



# सबा

## स्कूलों में पारिवारिक शिक्षा होनी चाहिए जरूरी

बॉलीवुड स्टार ऋतिक रोशन की गर्लफ्रेंड और अभिनेत्री सबा आजाद अपनी अपकमिंग सीरीज 'हू इज योर गाइनैक?' सीजन 2 को लेकर चर्चा में हैं। यह वेब सीरीज 22 मई को रिलीज होने वाली है। इससे पहले सबा आजाद ने महिलाओं के स्वास्थ्य के बारे में बात की है।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

सबा ने स्कूलों में यौन शिक्षा को जरूरी करने पर जोर दिया है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि यौन शिक्षा लोगों को सोच-समझकर फैसले लेने में मदद कर सकती है। बातचीत में सबा आजाद ने कहा 'मुझे लगता है कि स्कूलों में यौन शिक्षा जरूरी होनी चाहिए। सिर्फ प्राइवेट स्कूलों में ही नहीं, बल्कि सभी स्कूलों में। क्योंकि, यौन शिक्षा से दिमाग खराब नहीं होता, बल्कि इससे जानकारी मिलती है। आप कुछ भी कह लें, अगर कोई बच्चा जानकारी के साथ बड़ा होता है, तो वह सही फैसले लेगा। इसलिए मुझे लगता है कि यह बहुत जरूरी है कि यह जानकारी सभी को दी जाए।' उन्होंने कहा इसे देश भर के हर स्कूल के पाठ्यक्रम का हिस्सा बनाया जाना चाहिए। सबा ने आगे कहा 'मुझे लगता है कि जब महिलाओं के स्वास्थ्य की बात आती है, तो हम आम तौर पर कमजोर पड़ जाते हैं। हम न तो इस बारे में बात करते हैं और न ही इस पर शोध करते हैं। 2026 से, हमने आखिरकार महिलाओं पर रिसर्च करना शुरू कर दिया है। पहले, हम पुरुषों पर रिसर्च करते थे और उसे ही महिलाओं पर भी लागू कर देते थे।' जब सबा से पूछा गया कि उन्होंने इस सीरीज में स्त्री रोग विशेषज्ञ के अपने रोल के लिए कैसे तैयारी की।

## हॉलीवुड मसाला



# कार में साथ थे जैकब-केंडल

**लॉस एंजिल्स।** अभिनेता जैकब एलोर्डी और केंडल जेनर को डेटिंग रूमर्स के बीच एक बार फिर साथ स्पॉट किया गया है। दोनों को लॉस एंजिल्स में काइली जेनर और टिमोथी चालमेट के साथ कार में देखा गया। जैकब एलोर्डी और केंडल जेनर की डेटिंग की अफवाहें काफी वक्त से उड़ रही हैं। दोनों को कई बार साथ चिल करते देखा जा चुका है। एक बार फिर जैकब और केंडल लॉस एंजिल्स में काइली जेनर और टिमोथी चालमेट के साथ देर रात कार में घूमते देखे गए।




# माइकल ने कमाई से हिलाया इंटरनेशनल बॉक्स ऑफिस

**नई दिल्ली।** हॉलीवुड फिल्म माइकल की रिलीज को जल्द ही एक महीने का सफर पूरा होने जा रहा है। पॉप स्टार माइकल जैक्सन की बायोपिक के तौर पर इस मूवी को दर्शकों ने काफी पसंद किया। कमाई के मामले में इस फिल्म ने दुनियाभर में धमाकेदार प्रदर्शन करके दिखाया है और इतिहास रचने की दहलीज पर खड़ी है। 7 हजार करोड़ के जादुई आंकड़े की करीब पहुंचने वाली माइकल ने इंटरनेशनल बॉक्स ऑफिस पर अपनी धाक जमा ली है। अब तक ये मूवी पूरी दुनिया में करीब 6 हजार 742 करोड़ का कारोबार कर चुकी है। जल्द ही माइकल 7000 करोड़ का आंकड़ा पार करती हुई नजर आएगी, जोकि अपने आप में एक बड़ा कमाई का आंकड़ा है, जिस तक पहुंचना अच्छी-अच्छी फिल्मों का सपना होता है।



# सेंसर बोर्ड को रास नहीं आया होंठ चूमना

**मुंबई।** हमारे देश की सेंसर बोर्ड यानी केंद्रीय फिल्म प्रमाणन बोर्ड भी कमाल है। इसे फिल्मों में मार-काट, खून खराबा, कटे हुए सिर से फुटबॉल खेलना, मां-बहन की गालियां, दंगों के सीन में किसी को जिंदा जला देने जैसे विजुअल से तो कोई परहेज नहीं है, लेकिन पर्दे पर जब दो जवां दिल लबों से लब टकराते हैं, तो बोर्ड के नाक-भौं सिकुड़ जाते हैं। जी हां, यकीन ना आए तो 'चांद मेरा दिल' का ही उदाहरण ले लीजिए। फिल्म में अनन्या पांडे और लक्ष्य लालवानी के रोमांटिक सीन्स थे। रोमांटिक ड्रामा फिल्म है, लिहाजा इसमें खूनी खेल तो होगा नहीं, दो प्रेमी लबों से लब टकरा रहे थे। लेकिन, सेंसर बोर्ड ने इस पर कैंची चला दी है, जाहिर है रिव्यू कमिटी को लगा होगा कि ये वो सीन्स हैं, जिससे देश के युवाओं पर बुरा असर पड़ेगा। वाजिब भी है।



# मैं वापस आऊंगा का ट्रेलर रिलीज...

**मुंबई।** 'मैं वापस आऊंगा' का ट्रेलर आखिरकार रिलीज हो गया है, और फिल्म निर्माता इम्तियाज अली एक बार फिर प्यार, यादों और तड़प की दुनिया में गहराई से उतरते नजर आते हैं। दिल को छू लेने वाले रोमांटिक ड्रामा बनाने के लिए मशहूर इम्तियाज अली ने इस इमोशनल फिल्म के साथ अपनी खास कहानी कहने के अंदाज को फिर से जिंदा किया है। पूरे ट्रेलर में आपको केवल यही लगेगा कि अब आगे क्या! दिलजीत दोसांझ, नसीरुद्दीन शाह, वेदांग रैना और शर्वरी वाघ की इस फिल्म का ट्रेलर दर्शकों को रोमांस, दिल टूटने, पुरानी यादों और जुदाई से भरी एक कहानी की झलक देता है। बिरला स्टूडियोज, अप्लॉज एंटरटेनमेंट और विंडो सीट फिल्म्स की बनाई यह फिल्म 12 जून को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है।

## टीवी मसाला



# प्रेम को मौत के मुंह से खींच लाई अनुपमा

**नई दिल्ली।** टीवी शो 'अनुपमा' में एक बार फिर रिश्तों, इमोशंस और ड्रामे का बड़ा ट्विस्ट देखने को मिलने वाला है। आने वाले एपिसोड में हालात ऐसे बन जाएंगे कि अनुपमा को प्रेम की जान बचाने के लिए खुद को खतरे में डालना पड़ेगा। वहीं, दूसरी तरफ दिग्विजय और अनुपमा की बढ़ती नजदीकियां भी सभी का ध्यान खींच रही हैं। शो में एक साथ कई इमोशनल मोमेंट्स देखने को मिलेंगे, जिनकी वजह से कहानी और ज्यादा दिलचस्प हो गई है। एपिसोड की शुरुआत में अनुपमा अपने कैफे के बाहर मेन्यू लिखती नजर आएगी। तभी वहां प्रेरणा आएगी और उसे कैफे की अच्छी सेल के लिए बधाई देगी।. अनुपमा भी उसे और प्रेम को उनके कैफे के लिए शुभकामनाएं देगी। लेकिन. बातचीत के दौरान अनुपमा को महसूस होगा कि प्रेरणा अंदर से काफी दुखी है। दरअसल, श्रुति ने उसे पार्टनरशिप से अलग कर दिया है और अब वह सिर्फ वहां काम कर रही है। प्रेरणा की मायूसी देखकर अनुपमा समझ जाएगी कि जरूर कुछ गलत हुआ है। वट सावित्री पूजा के दौरान कोठारी और शाह परिवार साथ नजर आएंगे। इसी बीच मोहल्ले की कुछ महिलाएं अनुपमा और दिग्विजय के रिश्ते को लेकर बातें बनाना शुरू कर देंगी। वह लीला से सवाल करेंगी कि क्या दिग्विजय अब वनराज की जगह लेने वाला है। यह सुनकर राही भड़क जाएगी और उन महिलाओं को जवाब देगी. हालांकि जाते-जाते महिलाएं राही को भी ताना मार जाएंगी, जिसके बाद वह लीला पर गुस्सा करेगी।

## सैयारा से सीरियल सैराब की तुलना

पिछले साल मोहित सूरी की फिल्म 'सैयारा' जबरदस्त हिट हुई और लोगों का भरपूर प्यार बटोरते हुए अहान पांडे और अनीत पड्डा रातोंरात स्टार बन गए। हाल ही में नए सीरियल के मेकर्स ने अपने आगामी शो 'सैराब'



का एआई-जनरेटेड प्रोमो जारी किया और फैंस इसकी तुलना 'सैयारा' से करने से खुद को रोक नहीं पाए। कई लोगों को तो यह भी लगा कि सीरियल का लीड रोल अहान पांडे के किरदार कृष कपूर से मिलता-जुलता है। प्रोमो में लीड एक्टर को एक रॉकस्टार के रोल में दिखाया गया है जो हाथ में गिटार लिए मंच पर परफॉर्म कर रहा है और दर्शक उसके लिए जोरदार तालियां बजा रहे हैं। वहीं, पीली साड़ी पहने लीड एक्ट्रेस मंच के पीछे से उसे देख रही है, लेकिन जब वह उसे रोकने की कोशिश करता है तो वह दूर से चली जाती है। हालांकि एक्टर्स के चेहरे नहीं दिखाए गए, लेकिन ऑनलाइन लोगों के बीच तुरंत इसकी तुलना 'सैयारा' से होने लगी। एक कमेंट में लिखा था, 'हीरो सैयारा के कृष कपूर जैसे लग रहे हैं।

# हिरानी ने किया पहली वेब सीरीज प्रीतम एंड पेड्रो का ऐलान


**मुंबई।** दिग्गज फिल्म निर्देशक राजकुमार हिरानी अब डिजिटल प्लेटफॉर्म पर डेब्यू करने के लिए तैयार हैं। उनकी पहली वेब सीरीज 'प्रीतम एंड पेड्रो' का ऐलान कर दिया गया है। राजकुमार हिरानी की पहली वेब सीरीज 'प्रीतम एंड पेड्रो' का एक खास पोस्टर जारी किया गया है। इस पोस्टर में दो लड़के पीठ दिखाकर खड़े हैं। यही वजह है कि फिल्म की स्टार कास्ट से पर्दा अभी तक नहीं उठ सका है। यह सीराज हॉटस्टार पर स्ट्रीम होगी। 'प्रीतम एंड पेड्रो' एक साइबर-क्राइम थ्रिलर सीरीज है, जो 3 जुलाई को जियो हॉटस्टार पर स्ट्रीमिंग के लिए तैयार है। राजकुमार हिरानी 'प्रीतम एंड पेड्रो' नाम की वेब सीरीज के जरिए ओटीटी डेब्यू कर रहे हैं। इस सीरीज में कथित तौर पर अरशद वारसी और विक्रांत मैसी मुख्य (साइबर



पुलिस) भूमिका में नजर आ सकते हैं। इस प्रोजेक्ट में राजकुमार हिरानी के बेटे वीर हिरानी भी अपना एक्टिंग डेब्यू कर सकते हैं। राजकुमार हिरानी द्वारा निर्देशित आखिरी फिल्म का नाम 'डंकी' (Dunki) है। यह फिल्म 21 दिसंबर 2023 को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी, जिसमें शाहरुख खान ने मुख्य भूमिका निभाई थी। राजकुमार हिरानी ने 'डंकी' की सफलता के बाद ओटीटी की दुनिया में सीरीज 'प्रीतम एंड पेड्रो' से कदम रखा है।

# मिलाप ला रहे नई रोमांटिक फिल्म 'तेरा यार हूं मैं', अमन करेंगे निर्देशन

**मुंबई।** पिछले साल 'एक दीवाने की दीवानियत' जैसी रोमांटिक फिल्म देने वाले निर्देशक मिलाप जावेरी अब एक और रोमांटिक फिल्म 'तेरा यार हूं मैं' लेकर आ रहे हैं। इस फिल्म से निर्देशक इंद्र कुमार के बेटे अमन इंद्र कुमार बॉलीवुड में कदम रखने जा रहे हैं। फरवरी में जारी हुए फिल्म के फर्स्ट लुक के बाद अब फिल्म की नई रिलीज डेट सामने आ गई है। मेकर्स ने मंगलवार को फिल्म की नई रिलीज डेट की घोषणा कर दी है। फिल्म का एक पोस्टर जारी करते हुए मेकर्स ने ये कंफर्म किया कि 'तेरा यार हूं मैं' 31 जुलाई को सिनेमाघरों में दस्तक देने के लिए तैयार है। इसके साथ ही कैप्शन में मेकर्स ने लिखा, 'प्यार, दोस्ती, इमोशन और संगीत के लिए तैयार हो जाइए। तेरा यार हूं मैं 31 जुलाई को सिनेमाघरों में आ रही है।' इसके साथ ही मेकर्स ने कंफर्म किया कि फिल्म से इंद्र कुमार के बेटे अमन कुमार अपनी शुरुआत कर रहे हैं। उनके साथ आकांक्षा शर्मा इस प्यार, ड्रामा, कॉमेडी और एक्शन से भरपूर म्युजिकल लव स्टोरी





में नजर आएंगी। इससे पहले मेकर्स ने फरवरी में फिल्म की घोषणा करते हुए इसका फर्स्ट लुक जारी किया था। तब मेकर्स फिल्म को 22 मई को रिलीज करने वाले थे। लेकिन अब मेकर्स ने फिल्म की रिलीज डेट बदल दी है। फिल्म का जो पोस्टर जारी किया गया है, उसमें फिल्म के लीड कलाकार अमन इंद्र कुमार और आकांक्षा शर्मा नजर आ रहे हैं। व्हाइट बैकग्राउंड में दोनों के चेहरों का क्लोज अप शॉट है, जिसमें दोनों एक-दूसरे में खोए नजर आ रहे हैं। अभी तक फिल्म की कहानी के बारे में ज्यादा जानकारी सामने नहीं आई है। मिलाप जावेरी की आखिरी निर्देशित फिल्म 'मस्ती' फ्रेंचाइजी की 'मस्ती 4' है, जो पिछले साल रिलीज हुई थी। पिछले साल ही उनकी रोमांटिक फिल्म 'एक दीवाने की दीवानियत' भी रिलीज हुई थी। इस फिल्म ने काफी चर्चाएं बटोरी थीं। वहीं, क्रिटिक्स और दर्शकों की भी इसे मिली-जुली प्रतिक्रिया हासिल हुई थी। अब वो 'तेरा यार हूं मैं' के साथ एक नई लव स्टोरी लेकर आ रहे हैं।

## इस घटना के बाद सरोज ने फिर कभी करिश्मा के साथ नहीं किया काम

# सेट पर जब आपा खो बैठीं करिश्मा, डांसर को कह दिया इडियट

*नई दिल्ली। सरोज खान अपने सख्त स्वभाव और अनुशासन के लिए जानी जाती थीं। सेट पर अगर कोई उनकी टीम के साथ गलत व्यवहार करता, तो वह तुरंत सामने वाले को रोक देती थीं। एक बार शूटिंग के दौरान हुए हादसे के बाद करिश्मा कपूर अपना आपा खो बैठीं। गुस्से में उन्होंने डांसर को 'इडियट' कह दिया। यह बात सरोज खान को बिल्कुल पसंद नहीं आई। उन्होंने लोलो को टोका इस घटना के बाद सरोज खान ने फिर कभी करिश्मा कपूर के साथ काम नहीं किया।*

### करिश्मा ने स्वीकारी चुनौती

उन दिनों माधुरी दीक्षित बॉलीवुड की 'डांसिंग क्वीन' थीं। उनके सामने कोई भी एक्ट्रेस डांस करने की हिम्मत नहीं जुटा पाती थी। जब यश चोपड़ा 1997 में 'दिल तो पागल है' बना रहे थे तो उन्हें एक ऐसी एक्ट्रेस चाहिए थी जो माधुरी के सामने पर्दे पर डांस कर सके। लेकिन, उस दौर की तमाम बड़ी हीरोइनों ने यह ऑफर ठुकरा दिया। उन्हें डर था कि माधुरी की तुलना में उनका डांस फीका पड़ जाएगा। लेकिन, करिश्मा कपूर ने बिना एक पल सोचे यह चुनौती स्वीकार कर ली। उन्होंने फिल्म में पूजा का किरदार निभाया और अपने कॅरियर का बेहतरीन परफॉर्मेंस दिया।





### शूटिंग के दौरान टूट गई डाली

फिल्म के गाने आज भी दिलों की धड़कन है। लेकिन, क्या आप जानते हैं कि इसी करिश्मा ने बाद में माधुरी की गुरु सरोज खान से झगड़ा कर लिया था, जिसके बाद दोनों ने कभी साथ काम नहीं किया? हाल ही में, सरोज खान के साथ काम कर चुकी डांसर रुबीना खान ने बॉलीवुड ठिकाना को एक रोचक किस्सा सुनाया। उन्होंने बताया कि एक बार करिश्मा कपूर एक गाने की शूटिंग कर रही थीं, जिसकी कोरियोग्राफी सरोज खान ने की थी। गाने के एक सीक्वेंस में पेड़ पर लड़के-लड़कियां छिपे हुए थे। शूटिंग के दौरान अचानक एक डाली टूट गई और ऊपर छिपा एक लड़का सीधे करिश्मा पर गिर पड़ा। करिश्मा इतनी गुस्सा हुईं कि उन्होंने उस लड़के को 'बेवकूफ' कहकर गालियां देने शुरू कर दीं।

### शूटिंग बीच में ही छोड़ दी

सरोज खान अपनी टीम की बहुत रक्षा करती थीं। उन्होंने तुरंत बीच-बचाव करते हुए कहा कि लड़के ने जानबूझकर नहीं किया था और वह माफी भी मांग चुका था। लेकिन, करिश्मा मानने को तैयार नहीं हुईं। उन्होंने शूटिंग बीच में ही छोड़ दी और सेट से चली गईं। रुबीना बताती हैं, 'इस घटना के बाद सरोज खान ने करिश्मा के साथ कभी काम नहीं किया।' हालांकि, दोनों में से किसी ने भी सार्वजनिक तौर पर इस विवाद पर खुलकर बात नहीं की।

### सरोज को भावुक अंदाज में किया था याद

दिलचस्प बात यह है कि साल 2020 में सरोज खान के निधन के बाद करिश्मा कपूर ने उन्हें भावुक अंदाज में याद किया था। उन्होंने सोशल मीडिया पर सरोज खान के साथ एक ब्लैक एंड व्हाइट तस्वीर शेयर की और लिखा, 'सत्यम हॉल में आपके साथ बिताए वो लंबे घंटे और डांस-एक्सप्रेशन सीखना कभी नहीं भूल सकती। आपकी सीख मुझे बहुत आगे तक लेकर गई.' करिश्मा ने पोस्ट में सरोज खान को अपना 'मास्टर', 'टीचर' और 'डांस गुरु' भी बताया था।

## खबर संक्षेप



### ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर

**जशपुरनगर।** जिला प्रशासन सह खेल एवं युवा कल्याण विभाग जिला जशपुर के तत्वाधान में ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर 2026 का शुभारंभ 1 मई को किया गया, जिसमें हॉकी, तीरंदाजी, बास्केटबॉल ताइक्वांडो, क्रिकेट, कबड्डी एवं वॉल क्लाइंबिंग खेल शामिल रहे, जिसमें जिला मुख्यालय के लगभग 450 बालक एवं बालिकाओं ने उत्साह पूर्वक भाग लिया। इस ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर का समापन बुधवार 20 मई को किया गया। समापन समझ में प्रत्येक खेल विधा के दो बालक एवं दो बालिका जिन्होंने खेल में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए भाग लिया, उन्हें विभाग की तरफ से सम्मानित शिविर का समापन किया गया। समापन समारोह में जिले के वरिष्ठ बास्केटबॉल खिलाड़ी एवं जिला बास्केटबॉल संघ के अध्यक्ष सत्य प्रकाश तिवारी डिप्टी कलेक्टर समीर बड़ा एवं अन्य उपस्थित रहे।

### घरजियाबधान में लगाया गया शिविर



**जशपुरनगर।** भारत सरकार जनजातीय कार्य मंत्रालय के निर्देशानुसार जनभागीदारी सबसे दूर सबसे पहले अभियान के तहत पत्थलगांव विकासखंड के ग्राम घरजियाबधान में शिविर लगाया गया। शिविर में विशेष पिछड़ी जनजाति पहाड़ी कोरवा परिवारों का राशनकार्ड बनाकर दिया गया और 6 लोगों का पेंशन स्वीकृत आदेश दिया गया। ग्रामवासियों का स्वास्थ्य परीक्षण और आधार अपडेट,आय जाति, निवास प्रमाण के आनलाइन आवेदन और आयुष्मान कार्ड बनाया गया।

### सेना भर्ती के लिए एंट्रेंस एग्जाम की तिथि घोषित

**जशपुरनगर।** भारतीय सेना में भर्ती वर्ष 2027 के लिए ऑनलाइन कॉमन एंट्रेंस एग्जाम की तिथि भारतीय सेना की ओर से घोषित कर दी गई है। विभिन्न श्रेणियों के लिए ऑनलाइन परीक्षा 1 जून से 5 जून तथा 8 जून से 12 जून 2026 तक आयोजित की जाएगी। परीक्षा छत्तीसगढ़ के 5 शहरों भिलाई, दुर्ग, रायपुर, बिलासपुर एवं जगदलपुर के 10 परीक्षा केंद्रों में संपन्न होगी। ऑनलाइन परीक्षा प्रतिदिन 3 से 4 शिफ्टों में आयोजित की जाएगी। अभ्यर्थियों के प्रवेश पत्र जारी करने की प्रक्रिया शुरू हो गई है। उम्मीदवार भारतीय सेना की आधिकारिक वेबसाइट से अपना एडमिट कार्ड डाउनलोड कर सकते हैं। सेना द्वारा उम्मीदवारों को सलाह दी गई है कि, वे एडमिट कार्ड में दिए गए सभी दिशा-निर्देशों का पालन करें तथा निर्धारित समय से पूर्व अपने परीक्षा केंद्र पर पहुंचना सुनिश्चित करें। किसी भी प्रकार की जानकारी या स्पष्टीकरण के लिए अभ्यर्थी अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम के समीप स्थित सेना भर्ती कार्यालय में संपर्क कर सकते हैं। भारतीय सेना ने स्पष्ट किया है कि भर्ती प्रक्रिया पूर्णतः पारदर्शी है तथा चयन केवल योग्यता के आधार पर किया जाता है। अभ्यर्थियों को किसी भी प्रकार के दलालों एवं भ्रामक आश्वासनों से सावधान रहने की सलाह दी गई है।

### दुष्कर्म के आरोपी को 20 साल की सजा

**रायगढ़।** शादी का झांसा देकर नाबालिग से दुष्कर्म करने के मामले में आरोपी युवक को न्यायालय ने 20 साल के सश्रम कारावास से दंडित किया है। इस संबंध में लोक अभियोजक गोविंद नारायण दुबे ने बताया कि पीड़िता जूटमिल थाना क्षेत्र की निवासी है। बीते 18 मई 2024 को सुबह 9 बजे स्कूल में आवेदन भरने की बात कह कर घर से निकली थी, लेकिन वापस नहीं लौटी। ऐसे में परिजनों ने उसकी गुमशुदगी की रिपोर्ट जूटमिल थाने में दर्ज कराई। जिसके बाद पुलिस ने पीडिता के मोबाइल को ट्रेस किया। इससे प्रयागराज में होने की बात सामने आई।

## निर्माण कार्यों का औचक निरीक्षण कर दिए आवश्यक निर्देश

# कलेक्टर ने शहर के विभिन्न निर्माण स्थलों का लिया जायजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

कलेक्टर रोहित व्यास ने आज नगर पालिका जशपुर अंतर्गत चल रहे विभिन्न निर्माण कार्यों का औचक निरीक्षण कर प्रगति का जायजा लिया। इस दौरान नगर पालिका अध्यक्ष श्री अरविंद भगत, सीएमओ योगेश्वर उपाध्याय सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे। कलेक्टर ने प्रमुख निर्माण स्थलों का निरीक्षण करते हुए कार्यों को समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण ढंग से शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। कलेक्टर रोहित व्यास ने कहा कि, शहर के विकास कार्यों में गुणवत्ता और समयबद्धता दोनों आवश्यक हैं।

उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी परियोजनाओं की नियमित मॉनिटरिंग कर आमजन को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। यह निरीक्षण शहर के समग्र विकास, स्वच्छता और नागरिक सुविधाओं को मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम साबित होगा।

**जूदेव चौक बनेगा आकर्षण का केंद्र-** कलेक्टर ने रंजीता स्टेडियम के समीप जुदेव चौक में लगभग 60 लाख रुपए की लागत से हो रहे सौंदर्यीकरण कार्य का निरीक्षण किया। यहां आकर्षक फव्वारा, सूर्य नमस्कार की 12 मुद्राओं की प्रतिकृतियां स्थापित की जाएंगी। इसके साथ ही रोप लाइट से सुसज्जित पेड़, बड़ी घड़ी के साथ सेल्फी प्वाइंट, हरियाली, पेवर ब्लॉक, बैठने की व्यवस्था एवं गेट निर्माण के निर्देश दिए गए। उन्होंने कहा कि कार्य को भव्य और आकर्षक बनाते हुए बारिश से पहले पूर्ण किया जाए।



### स्वच्छता प्रबंधन केंद्र का भी लिया जायजा

कलेक्टर ने एसएलआरएम कार्य प्रक्रिया केंद्र का निरीक्षण कर कचरा प्रबंधन की व्यवस्था का अवलोकन किया। यहां रिड्यूस, रीयूज और रिसाइकल तकनीक के माध्यम से कचरे की छंटाई की जा रही है। उन्होंने स्वच्छता दीदियों से बातचीत कर कार्यप्रणाली की जानकारी ली तथा उनके स्वास्थ्य परीक्षण और सुरक्षा उपायों की समीक्षा की। केंद्र में निष्ठा एप के माध्यम से उपस्थिति दर्ज की जा रही है तथा मास्क, दस्ताने, जूते, जैकेट जैसे व्यक्तिगत सुरक्षा उपकरणों का उपयोग सुनिश्चित किया जा रहा है। डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण, कचरे का पृथक्कीकरण, धुलाई एवं साफ-सफाई, यूजर चार्ज कलेक्शन तथा सूखे कचरे की बिक्री की प्रक्रिया को व्यवस्थित रूप से संचालित किया जा रहा है। सेनेटरी वेस्ट के निपटान के लिए इंसिनरेटर की व्यवस्था भी की गई है।

### बाधरकोना में 7 करोड़ का ऑडिटोरियम

कलेक्टर ने बाधरकोना में 7 करोड़ रुपए की लागत से बनने वाले 300 सीटर ऑडिटोरियम का निरीक्षण किया। उन्होंने फाउंडेशन कार्य शीघ्र प्रारंभ करने के निर्देश देते हुए तहसीलदार को निर्माण क्षेत्र का सीमांकन कर अवैध कब्जे हटाने के निर्देश दिए। इस ऑडिटोरियम के बनने से सांस्कृतिक व सामाजिक कार्यक्रमों के आयोजन में शहरवासियों को सुविधा मिलेगी।

### 500 सीटर नालंदा परिसर से मिलेगा आधुनिक अध्ययन केंद्र

निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने 11 करोड़ रुपए की लागत से बन रहे 500 सीटर नालंदा परिसर का अवलोकन किया। उन्होंने कार्यों में तेजी लाने के निर्देश देते हुए कहा कि, यह परिसर छात्रों को आधुनिक लाइब्रेरी, डिजिटल अध्ययन सुविधा एवं व्यवस्थित पढ़ाई का वातावरण प्रदान करेगा, जो युवाओं के भविष्य निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

### सामुदायिक भवन से सामाजिक गतिविधियों को मिलेगा बल

पुरानीटोली में लगभग पूर्ण हो चुके सामुदायिक भवन का भी निरीक्षण किया गया। कलेक्टर ने फॉल्स सीलिंग एवं रंग-रोगन कार्य को शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। इस भवन के तैयार होने से शादी-विवाह एवं अन्य सामाजिक आयोजनों के लिए नागरिकों को एक ही स्थान पर बेहतर सुविधा उपलब्ध होगी।



## सिपेट कोरबा में तकनीकी पाठ्यक्रमों का संचालन

**जशपुरनगर।** केंद्रीय पेट्रोरसायन अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी संस्थान, कोरबा, रसायन एवं पेट्रोरसायन विभाग, रसायन एवं उर्वरक मंत्रालय, भारत सरकार के अंतर्गत संचालित एक आईएसओ 9001 रू 2015 प्रमाणित राष्ट्रीय संस्थान है, जो प्लास्टिक्स एवं पेट्रोकेमिकल्स क्षेत्र में कौशल विकास, तकनीकी सहायता, शिक्षा एवं अनुसंधान कार्यों के लिए समर्पित है।

भारत सरकार एवं छत्तीसगढ़ शासन के संयुक्त प्रयासों से वर्ष 2018 में ऊर्जा नगरी कोरबा में इसकी स्थापना की गई। सिपेट, कोरबा में आधुनिक आधारभूत संरचना, अत्याधुनिक मशीनें एवं उन्नत उपकरण उपलब्ध हैं, जो प्रशिक्षणार्थियों को तकनीकी दक्षता प्रदान करने के साथ-साथ रोजगार के बेहतर अवसर उपलब्ध कराने में सहायक सिद्ध हो रहे हैं। संस्थान में एनबीए एवं एआईसीटीई से मान्यता प्राप्त 3 वर्षीय रोजगारोन्मुखी डिप्लोमा पाठ्यक्रम संचालित किए जा रहे हैं, जिनमें डिप्लोमा इन प्लास्टिक्स टेक्नोलॉजी एवं डिप्लोमा इन प्लास्टिक्स मोल्ड टेक्नोलॉजी शामिल हैं। इन पाठ्यक्रमों के प्रथम वर्ष में प्रवेश हेतु अभ्यर्थी का 10वीं उत्तीर्ण होना आवश्यक है, जबकि लेटरल एंट्री के माध्यम से सीधे द्वितीय वर्ष में प्रवेश के लिए विज्ञान विषय के साथ 12वीं उत्तीर्ण होना अनिवार्य है। शैक्षणिक सत्र 2026-27 में प्रवेश के इच्छुक अभ्यर्थी ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। संस्थान में बालक एवं बालिका छात्रावास की सुविधा उपलब्ध है तथा छत्तीसगढ़ शासन के नियमानुसार छात्रवृत्ति का लाभ भी प्रदान किया जाता है। इसके अलावा संस्थान में एनसीवीटी प्रमाणित एवं नेशनल स्किल्स क्वालिफिकेशन फ्रेमवर्क आधारित अल्पकालीन रोजगारोन्मुखी कौशल विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम भी संचालित किए जा रहे हैं। इनमें प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना, मुख्यमंत्री कौशल विकास योजना तथा एनटीपीसी एवं एसईसीएल द्वारा प्रायोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम शामिल हैं। वर्तमान में प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना के अंतर्गत 11वीं उत्तीर्ण युवाओं के लिए मशीन ऑपरेटर प्लास्टिक्स प्रोसेसिंग पाठ्यक्रम में 4 माह का प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है। प्रशिक्षण पूर्ण होने के पश्चात प्रशिक्षणार्थियों को प्लास्टिक्स एवं संबंधित उद्योगों में लगभग शत प्रतिशत प्लसमेंट, देश-विदेश की प्रतिष्ठित कंपनियों में रोजगार के अवसर उपलब्ध कराए जाते हैं, तथा स्वरोजगार के लिए भी मार्गदर्शन दिया जाता है।

■ युवाओं को मिल रहा सुनहरा भविष्य गढ़ने का अवसर

## गर्मी से बेहाल हाथी ने खेत में बनी टंकी के पानी से किया स्नान

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

इन दिनों आसमान से बरस रही आग ने इंसानों के साथ-साथ जंगल के बेजुबान जीवों का भी जीना मुश्किल कर दिया है। भीषण गर्मी और सूखते जलस्त्रोतों के बीच रायगढ़-ओडिशा सीमा से एक ऐसा नजारा सामने आया, जिसने लोगों का दिल जीत लिया। यहां गर्मी से परेशान एक विशालकाय हाथी राहत की तलाश में गांव के पास बने पोखर तक पहुंच गया और फिर जो हुआ, उसे देखकर ग्रामीण भी मुस्कुरा उठे।

इस संबंध में बताया जा रहा है कि जंगल में पानी की तलाश करते-करते यह हाथी गांव के करीब पहुंचा। जैसे ही उसकी नजर पोखर पर पड़ी, मानो उसे गर्मी से छुटकारे का खजाना मिल गया हो। फिर क्या था गजराज सीधे पानी में उतर गया और सूंड में पानी भर-भरकर अपने शरीर पर डालने लगा। कभी वह पानी उछालता नजर आया तो कभी पूरे आराम से पोखर में खड़े होकर गर्मी भगाता दिखा। चिलचिलाती धूप के बीच हाथी का यह स्नान' देख वहां मौजूद ग्रामीण भी हैरान रह गए। हाथी के इस दिलचस्प अंदाज को ग्रामीणों ने अपने मोबाइल कैमरे में रिकॉर्ड कर लिया। अब यह वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है। लोग इस वीडियो को देखकर एक तरफ जहां गजराज की मासूमियत पर प्यार लुटा रहे हैं, वहीं दूसरी तरफ जंगलों में पानी की कमी को लेकर चिंता भी जता रहे हैं। बता दें कि इस भीषण गर्मी में वन्य जीवों को पानी के लिए भटकना पड़ रहा है। स्थिति यह है कि गर्मी की वजह से मनुष्य सहित वन्यजीवों को भी काफी परेशानियां उठानी पड़ रही है।



### तमनार पुलिस ने जब्त की 12 लीटर महुआ शराब



**रायगढ़।** तमनार पुलिस द्वारा ग्राम उरबा में अवैध शराब के खिलाफ रेड कार्रवाई की गई। ग्राम उरबा दर्रीपारा निवासी रामकुमार यादव अपने बाड़ी में अवैध बिक्री के लिये महुआ शराब छिपाकर रखा हुआ है। पुलिस टीम द्वारा मौके पर घेराबंदी कर छापेमार कार्रवाई की गई। कार्रवाई के दौरान आरोपी रामकुमार यादव पिता नवबोधन यादव 32 वर्ष निवासी दर्रीपारा उरबा मौके पर मिला। पुलिस द्वारा पूछताछ करने पर आरोपी ने अवैध शराब बिक्री करना स्वीकार किया तथा अपने घर के बाड़ी में बिक्री के लिये छुपाकर रखे पीले रंग की 15 लीटर क्षमता वाली प्लास्टिक जरीकेन में भरी करीब 12 लीटर महुआ शराब जब्त की। आरोपी के विरुद्ध थाना तमनार में धारा 34(2), 59-क आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है।

## कक्षा 6वीं में प्रवेश हेतु परीक्षा 26 जुलाई को

**जशपुरनगर।** आदिम जाति कल्याण विभाग जशपुर द्वारा मुख्यमंत्री अनुसूचित जाति एवं जनजाति विद्यार्थी उत्कर्ष योजना के तहत शैक्षणिक सत्र 2026-27 में कक्षा 6वीं में प्रवेश हेतु प्रेस विज्ञप्ति जारी की गई है।

इस योजना का उद्देश्य अनुसूचित जनजाति एवं अनुसूचित जाति वर्ग के ग्रामीण प्रतिभावान छात्रों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराना, बेहतर कैरियर चयन का अवसर देना और बहुमुखी व्यक्तित्व विकास करना है। इसके तहत चयनित उत्कृष्ट निजी आवासीय विद्यालयों में कक्षा 6वीं में प्रवेश कराया जाता है एवं कक्षा 12वीं तक सम्पूर्ण शुल्क विभाग द्वारा वहन किया जाता है। इस योजनांतर्गत अनुसूचित जनजाति एवं अनुसूचित जाति वर्ग के वे विद्यार्थी जो छत्तीसगढ़ का मूल निवासी हो, मान्यता प्राप्त शाला में कक्षा 5वीं में अध्ययनरत हो, कक्षा चौथी में 80 प्रतिशत से अधिक अंक या समकक्ष ग्रेड प्राप्त किया हो, पालक की सभी स्त्रोतों से वार्षिक आय 2.50 लाख से अधिक न हो। ग्राम पंचायत, जनपद पंचायत तथा नगर पंचायत क्षेत्र के विद्यालय में अध्ययनरत हो पात्र होगें एवं नगर पालिका तथा नगर निगम क्षेत्र के विद्यालयों में अध्ययनरत विद्यार्थी पात्र नहीं होंगे। प्रवेश हेतु परीक्षा 26 जुलाई 2026 रविवार को दोपहर 12 से 02 बजे तक जिला मुख्यालय में होगा। आवेदन की अंतिम तिथि 20 जून 2026 निर्धारित है। इच्छुक विद्यार्थी संबंधित शाला प्रमुख के माध्यम से विकासखंड शिक्षा अधिकारी के कार्यालय में आवेदन जमा कर सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए सहायक आयुक्त, आदिवासी विकास, जशपुर के कार्यालय में कार्यालयीन समय पर संपर्क करें।

## पुलिस ने की अवैध कबाड़ पर कार्रवाई, 77 टन जब्त

**रायगढ़।** जूटमिल और छाल पुलिस ने अवैध कबाड़ कारोबार के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए कुल 77 टन अवैध कबाड़ जब्त किया है। जब्त किए गए कबाड़ की कीमत करीब 23 लाख से अधिक आंकी जा रही है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार जूटमिल पुलिस को पटेलपाली सब्जी मंडी के पास मुख्य मार्ग किनारे खड़े ओड़िशा पासिंग ट्रक क्रमांक ओडी-19-सी-4666 में भारी मात्रा में कबाड़ लोड मिला। जिस पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने घेराबंदी कर ट्रक को पकड़ा । जांच के दौरान ट्रक में लोहे एवं टीन का भारी मात्रा में कबाड़ लोड पाया गया। मौके पर वाहन चालक प्रमोद कुमार यादव पिता उपेंद्र यादव 26 वर्ष निवासी हाल मुकाम भुवनेश्वर से वाहन एवं कबाड़ से संबंधित दस्तावेज प्रस्तुत करने कहा गया, लेकिन वह कोई वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सका। चालक द्वारा लिखित में दस्तावेज नहीं होना बताया गया। जिसके बाद ट्रक में लोड करीब 24 टन कबाड़ जब्त कर लिया गया। इसी प्रकार छाल पुलिस ने भी कार्रवाई करते हुए भोजराम पटेल पिता विद्यानंद पटेल 38 वर्ष निवासी बेहरामार से 8 एमएम का 22 बंडल, 10 एमएम का 21 बंडल तथा 12 एमएम सरिया 12 बंडल सरिया जब्त किया। जिसका कुल वजन 5 हजार 300 किलोग्राम था, इसकी कीमत 3 लाख 15 हजार रुपए आंकी गई। पुलिस ने भोजराम पटेल को नोटिस देकर सरिया के बिल एवं वैध दस्तावेज प्रस्तुत करने कहा गया।

### मॉडल रोड के रूप में विकसित होगी ढिमरापुर सड़क

**रायगढ़।** शहर की प्रमुख एवं व्यस्ततम सड़कों में शामिल केवड़ाबाड़ी चौक से सेठ किरोड़ीमल चौक तक स्थित ओपी जिंदल मार्ग अब जल्द ही अंचल की मॉडल रोड के रूप में विकसित होता नजर आएगा। जिंदल फाउंडेशन द्वारा सड़क के नवीनीकरण एवं उन्नयन कार्य की शुरुआत कर दी गई है। सोमवार शाम आयोजित भूमिपूजन कार्यक्रम में महापौर जीवर्धन चौहान एवं नगर निगम के जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में विधिवत कार्यारंभ किया गया। ढिमरापुर चौक से केवड़ाबाड़ी चौक के बीच स्थित ओपी जिंदल मार्ग को शहर की जीवनरेखा माना जाता है, जहां प्रतिदिन बड़ी संख्या में लोग आवागमन करते हैं। इसी महत्व को देखते हुए जिंदल फाउंडेशन ने इस सड़क को आधुनिक सुविधाओं से युक्त आदर्श सड़क के रूप में विकसित करने की पहल की है। केवड़ाबाड़ी चौक में आयोजित भूमिपूजन समारोह में महापौर जीवर्धन चौहान मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

## पृष्ठ 1 का शेष

### दोस्त को मारा ...

थाना सिटी कोतवाली जशपुर क्षेत्र के ग्राम कोमडो और भागलपुर बरटोली का है। पुलिस ने आरोपी सचिन राम उम्र 20 वर्ष निवासी भागलपुर बरटोली को गिरफ्तार कर लिया है। उसके कब्जे से वारदात में प्रयुक्त चाकू और मोटरसाइकिल भी जब्त की गई है। आरोपी के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 103(1), 109(1), 296, 351(2) और 118(1) के तहत अपराध दर्ज किया गया।

### मानवता को शर्मशार...

में भारी मशक्कत और दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। साथ ही नगर के श्मसान घाट में बने एक मात्र काष्ठागार के चैनल गेट गायब हैं। हैरानी की बात यह है कि, एक दशक पहले बने इस मुक्ति धाम में नगर पंचायत ने आज तक लकड़ियां उपलब्ध नहीं कराई हैं। अब इस उपयोग विहीन और सुनसान भवन का फायदा चोर उठा रहे हैं। इतना ही नहीं शोक संतप्त परिजनों के बैठने के लिए बने कर्मचारी आवास सह प्रतीक्षालय के ग्रिल, दरवाजे और खिड़कियां भी चुरा ली गई हैं। यह जगह अब शराबियों का अड्डा बन गई हैं। रोजाना यहां शराबी आकर शराबखोरी करते हैं, और शराब की बोतलें, डिस्पोजल आदि कचरा छोड़ जाते हैं। कई बार तो वे कांच की शीशियां फोड़ कर चले जाते हैं, जिससे यहां आने वाले मृतकों के परिजनों और आम नागरिकों को भारी परेशानी और खतरे का सामना करना पड़ता है। सबसे बड़ी हैरानी की बात यह है, कि अति महत्वपूर्ण और संवेदनशील पोस्टमार्टम गृह के दरवाजे भी सुरक्षित नहीं रहे। यहां लगे लोहे के दरवाजों और खिड़कियों पर भी चोरों ने हाथ साफ कर दिया है। हैरत की बात यह है कि इतनी भारी मात्रा में लोहे और खिड़की-दरवाजों की चोरी किसी एक दिन या एक रात में संभव नहीं है। यह घटनाक्रम अलग-अलग दिनों में धीरे-धीरे चलता रहा, लेकिन विडंबना देखिए कि किसी भी जिम्मेदार व्यक्ति या राहगीर का ध्यान इस ओर नहीं गया। जब परिसर पूरी तरह से खोखला दिखने लगा, तब जाकर लोगों की नींद टूटी है। मामले की गंभीरता को देखते हुए हाल ही में नगर पंचायत कोतबा के सीएमओ टीआर यादव ने कोतबा पुलिस चौकी में एक लिखित शिकायत दर्ज कराई है। उन्होंने अपनी शिकायत में चिता सजाने वाले गैटर और काष्ठागार भवन के चैनल गेट चोरी होने की बात प्रमुखता से रखी है।

## वार्ड क्रमांक 4 में नवनिर्मित उच्च स्तरीय पानी टंकी से जलापूर्ति का किया गया परीक्षण

**खरसिया।** नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष कमल गर्ग के भगीरथ प्रयासों से शहर की एक बड़ी पेयजल समस्या का स्थाई निराकरण हो गया है। वार्ड क्रमांक 4 में नवनिर्मित उच्च स्तरीय पानी टंकी से आज जलापूर्ति वाटर सप्लाई का सफल परीक्षण किया गया।

नगर पालिका अध्यक्ष कमल गर्ग के विशेष प्रयासों और लगातार की गई मॉनिटरिंग के चलते यह निर्माण कार्य समय पर पूरा हो सका है। इस टंकी के क्रियाशील होने से शहर के पांच वार्डों की पेयजल समस्या का हमेशा के लिए खात्मा हो गया है। नगर के इन पांच वार्डों में गर्मियों के दिनों में पेयजल की भारी किल्लत हो जाती थी। स्थानीय लोग लंबे समय से एक बड़ी पानी टंकी और सुचारू सप्लाई की मांग कर रहे थे। जनभावनाओं को ध्यान में रखते हुए नपा अध्यक्ष कमल गर्ग ने इस दिशा में व्यक्तिगत रुचि ली और वार्ड चार में इस उच्च स्तरीय जलाशय पानी टंकी के निर्माण के लिए न केवल स्वीकृति कराई, बल्कि फंड जारी करवाकर काम को तेजी से आगे बढ़ाया। निर्माण कार्य पूरा होने के बाद आज तकनीकी टीम और पालिका प्रशासन की मौजूदगी में टंकी से वाटर सप्लाई का सफल ट्रायल किया गया। परीक्षण के दौरान पाइपलाइनों और प्रेशर की जांच की गईए जो पूरी तरह सफल रही। पालिका अध्यक्ष कमल गर्ग ने बताया कि इस टंकी के माध्यम से प्रभावित वार्डों के हर घर तक पर्याप्त दबाव के साथ शुद्ध पेयजल पहुंचाया जाएगा।



### वार्डवासियों में हर्ष की लहर

सफल परीक्षण की खबर मिलते ही संबंधित पांचों वार्डों के नागरिकों में भारी उत्साह देखा जा रहा है। स्थानीय जनप्रतिनिधियों और वार्डवासियों ने अध्यक्ष कमल गर्ग के इस जनहितैषी प्रयास की सराहना करते हुए कहा कि इस सौगात से अब माताओं बहनों को पानी के लिए परेशान नहीं होना पड़ेगा।

## शादी कार्यक्रम में विवाद, मारपीट करने वाले 3 आरोपी गिरफ्तार

**रायगढ़।** घरघोड़ा थाना क्षेत्र अंतर्गत एक विवाह कार्यक्रम को लेकर विवाद करने और घर घुस कर मारपीट करने के मामले में पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। धनमोती सारथी पति रामकुमार सारथी 45 निवासी बरकसपाली ने रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया था कि 12 मई को पड़ोसी रामकुमारी सारथी के पुत्र विनोद सारथी के विवाह समारोह में शामिल होने के लिए उनके परिवार को निमंत्रण दिया गया था। विवाह में जाने पर रामलाल सारथी द्वारा उन्हें बाद में अलग से पार्टी देने की बात कहकर वापस भेज दिया गया।

## फरार खाईवाल जसमीत ने किया सरेंडर, हमेशा के लिए सट्टे से की तौबा

**रायगढ़।** ऑनलाइन क्रिकेट सट्टा नेटवर्क के विरुद्ध चल रही लगातार कार्रवाई के बीच मंगलवार को एक और सट्टा खाईवाल जसमीत बग्गा उर्फ गुड्डा सरदार ने पुलिस के समक्ष आत्मसमर्पण कर दिया। आरोपी एसपी कार्यालय पहुंचकर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शशि मोहन सिंह के समक्ष प्रस्तुत हुआ और सट्टे के अवैध कारोबार से हमेशा के लिए अलग होकर समाज की मुख्यधारा में जुड़कर नया जीवन शुरू करने की बात कही। बता दें कि आरोपी जसमीत बग्गा उर्फ गुड्डा सरदार 40 वर्ष निवासी गोपी टॉकीज, हेप्पी ट्रेवल्स के बगल ने बताया कि फरारी के दौरान वह लगातार डर और तनाव में जी रहा था तथा परिवार की चिंता उसे परेशान कर रही थी। उसने भविष्य में किसी भी प्रकार के सट्टा अथवा अवैध गतिविधियों में शामिल नहीं होने की बात कही।

